# आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा पकड़ा, 5 सटोरिये दबोचे

- स्टार चौराहे के पास मोबाइल से लगा रहे थे हार जीत का दांव

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए खजराना पुलिस ने 5 सटोरियों को रंगेहाथ पकड़ लिया. आरोपी मोबाइल के जरिए मैच की हार जीत पर दांव लगा रहे थे.

पुलिस आयुक्त के निर्देशन में शहर में सट्टेबाजी पर सख्ती के आदेश के बाद खजराना पुलिस लगातार निगरानी कर रही है. इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि स्टार चौराहे के पास ग्रीन बेल्ट में कुछ लोग घेरा बनाकर मोबाइल पर सट्टा चला रहे हैं. सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी. जांच में सामने आया कि आरोपी 18 अप्रैल को खेले गए आईपीएल मैच डीसी बनाम आरसीबी पर ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे. पुलिस ने सभी पांचों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया. थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक मोटोरोला जी85 मोबाइल फोन जब्त किया है. सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

**इनको किया गिरफ्तार:** पकड़े गए आरोपियों में वीरसिंह सांवलिया (मैन रोड खजराना), दिनेश राठौर (सूरज नगर), अंगद पटेल (सिद्धि विनायक कॉलोनी), रोहित परमार (गणेशपुरी) और सचिन सोलंकी (चमार मोहल्ला) शामिल हैं.



# पलंग से गिरने के बाद 5 माह की बच्ची की मौत

- इलाज के दौरान 5 दिन बाद तोड़ा दम



**इंदौर. रावजी बाजार क्षेत्र में 5 माह की मासूम बच्ची की पलंग से गिरने के बाद मौत हो गई. मंगलवार 14 अप्रैल को घर में गिरने से घायल हुई बच्ची को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां 5 दिन इलाज के बाद शनिवार रात उसने दम तोड़ दिया.**

पुलिस के मुताबिक मृत बच्ची आयत, पिता अबरार शेख की बेटी थी. घटना के समय उसकी मां घर में खाना बना रही थी और बच्ची बिस्तर पर खेल रही थी. इसी दौरान करवट लेते समय वह नीचे गिर गई और उसके सिर में गंभीर चोट आ गई. मां ने तुरंत पिता को सूचना दी, जिसके बाद दोनों उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उसका इलाज जारी था. परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य है. बच्ची के पिता हम्माली का काम करते हैं और परिवार किराए के मकान में रहता है. परिवार में एक बेटा और एक अन्य बेटी भी है. घटना के बाद से घर में मातम पसरा हुआ है. बताया जा रहा है कि बच्ची के माता-पिता पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे. शनिवार रात मौत के बाद उन्होंने डॉक्टरों से बात की, जहां उन्हें पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और पोस्टमार्टम के बाद ही शव परिजनों को सौंपने की बात कही है. मामले में थाना प्रभारी उमेश यादव का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# नाम छिपाकर की दोस्ती, नशा पिलाकर दुष्कर्म

- धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, प्रकरण दर्ज

**इंदौर. शहर में एक छात्रा के साथ नाम छिपाकर दोस्ती करने, नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने का गंभीर मामला सामने आया है. पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है.**

पीड़िता इंदौर में रहकर बीएससी की पढ़ाई कर रही है. उसकी मुलाकात करीब एक साल पहले खजराना निवासी राहुल उर्फ अब्दुल अजीज पठान से हुई थी. आरोपी ने पहले दोस्ती की और घुमाने के बहाने उसे शहर के बाहर ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया.



आरोप है कि इसके बाद आरोपी उसे अपने घर ले गया, जहां फिर से नशा कराकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए और उसका आपत्तिजनक वीडियो बना लिया. बाद में उसने अपना असली नाम बताकर वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पीड़िता पर इस्लाम कबूल करने और साथ रहने का दबाव बनाया. पीड़िता का कहना है कि आरोपी लंबे समय तक ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करता रहा, मारपीट करता था और बार बार नशा कराता था. इस दौरान वह गर्भवती भी हो गई. आरोप है कि आरोपी ने शादी के नाम पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया और बाद में दवाइयां देकर गर्भपात करा दिया. पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायत करने की कोशिश करने पर आरोपी उसे रास्ते में रोककर धमकाता था. परेशान होकर उसने महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकी और धर्म स्वतंत्रता अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# जल्दी पैसा कमाने और शौक पूरा करने के लिए करते थे चोरी

- पुलिस ने किया 24 घंटे में चोरी का खुलासा
- 15 बैटरियां व बाइक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. खजराना पुलिस ने चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 24 घंटे के भीतर घटना का पर्दाफाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके कब्जे से करीब 2.30 लाख रुपए की 15 बैटरियां और एक मोटरसाइकिल बरामद की है.

भवानी नगर बाणगंगा में रहने वाले संदीप सोलंकी ने शनिवार 18 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि बुधवार 15 अप्रैल की शाम उसने अपनी ई रिक्शा नाहरशाह वली दरगाह ग्राउंड पर खड़ी की थी. लौटने पर वाहन से बैटरियां व अन्य सामान गायब मिले. मामले में खजराना थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की गई. जांच के दौरान पुलिस ने आसपास लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और मुखबिर सूचना के आधार पर स्टार चौराहे के पास स्कीम नंबर 134 क्षेत्र में दबिश दी. यहां से पुलिस ने घेराबंदी कर ममता कॉलोनी में रहने वाले 28 वर्षीय अल्ताफ और सिल्वर कॉलोनी में रहने वाले 27 वर्षीय साबिर को पकड़ा. दोनों पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहे थे.

**टाइल्स लगाने का करते हैं काम:** थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव ने बताया कि आरोपियों का कहना है कि वे शौक पूरे करने और जल्दी पैसा कमाने के लिए चोरी करते थे. दोनों टाइल्स का काम करते हैं और आठवीं तक पढ़े हैं. पुलिस ने आरोपियों से 15 बैटरियां जब्त की है. फिलहाल पुलिस आरोपियों से अन्य चोरी और वाहन चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है.



## एक नजर में

## अहिरवार जाटव समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन



**इन्दौर.** अहिरवार जाटव समाज महानगर समिति बाईसी पंच का निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन ग्राम मोरोद नागराज धाम पर बड़े धूम-धाम से आयोजित हुआ. इस आयोजन मे मध्य प्रदेश के जिलों के साथ बाहर राज्यों के 30 जोड़े शामिल हुए, जिनका सम्पूर्ण खर्च कपड़े, जेवरात, भाजन सभी सभी सामग्री की व्यवस्था समिति द्वारा की गई. कार्यक्रम अवसर पर पृथ्वीराज पिपले उस्ताद, राज पिपले, अनिल पिपले, विजय बिलोनिया, एडवोकेट गजानन्द सुनहरे, कमल बिलोनिया, एडवोकेट नरेन्द्र मौर्य सहित अनेक समाजगण उपस्थित थे. अहिरवार जाटव समाज महानगर केंद्रीय समिति बाईसी पंच द्वारा अक्षय तृतीया के पावन दिवस पर प्रतिवर्षोनुसार आयोजित उक्त सामूहिक विवाह सम्मेलन की शुरूआत बड़े धूम-धाम से विशाल चल समारोह के रूप मे की गई. समारोह आयोजन समय मे वर-वधू को आर्शीवाद देने सूरज कैरो, राजकपूर सुनहरे, मुकेश कैरो पहुंचे. बाईसी पंच के पृथ्वीराज उस्ताद, राज उस्ताद और कमल बिलोनिया ने बताया कि इस आयोजन को प्रतिवर्ष हमारे द्वारा और भव्य रूप प्रदान किया जावेगा. इस अवसर पर विजय बिलोनिया, एडवोकेट गजानन्द सुनहरे, ईश्वर लाल बिल्लौरे, संजय पिपले, मुकेश बड़ोनिया, मांगीलाल छपरेल, विनोद खरे, शशि शेखर बानवी, एडवोकेट नरेन्द मौर्य, सुरेश कछोरिया, जगदीश मिथोरिया, राजू जेरिया, मुकेश धेप्ते, प्रकाश पिपले, दिनेश गोंदले, ख्यालीराम सुनहर सहित अनेक समाजजन ने सभी जोड़ो के विवाह सम्पन्न करवाने और आयोजन को सफल बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया.

## परशुराम प्रकटोत्सव पर चलित प्रतिमा व फरसा समर्पित



**महू.** परशुराम प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर पंडित स्व. दुर्गाप्रसाद शर्मा की स्मृति में उनके पुत्र पंडित कपिल शर्मा (काशी महाराज) द्वारा श्री गोवर्धननाथ जी के मंदिर को भगवान परशुराम की चलित प्रतिमा एवं उनका प्रिय शस्त्र फरसा समर्पित किया गया. यह प्रतिमा और फरसा समाज के विभिन्न धार्मिक आयोजनों और उत्सवों में पूजन-अर्चन हेतु उपयोग किए जा सकेंगे. इस अवसर पर उपस्थित ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने इस पुण्य कार्य की सराहना करते हुए पंडित कपिल शर्मा का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में पंडित ऋषिराज शर्मा, पंकज मिश्रा, राजेश शर्मा, आशुतोष शर्मा, आशीष शर्मा, पवन शर्मा, विकास शर्मा, योगेश शर्मा, यश तिवारी सहित ब्राह्मण समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे.

## दो इलाकों के सूने मकानों पर चोरों ने बोला धावा

इंदौर. शहर में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदातें लगातार सामने आ रही हैं. भंवरकुआं और द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने दो अलग अलग घरों में सेंध लगाकर लाखों के जेवर और नकदी चोरी कर ली. पहली घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र की हैं, एकता नगर में रहने वाली 60 वर्षीय नीता जाधव के घर में 13 अप्रैल को वारदात हुई. वह घर से बाहर थीं, इसी दौरान बदमाश अंदर घुसे और अलमारी में रखे सोने चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए. घर लौटने पर सामान बिखरा मिला. चोरी गए सामान में सोने की अंगूठियां, नथ, लॉकेट, चांदी की चेन, कंडोरे और पायल शामिल हैं. वहीं द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 71 में रहने वाले 50 वर्षीय सुखदेव शर्मा के घर में 14 अप्रैल को चोरी हुई. फरियादी के अनुसार वह घर पर नहीं थे, तभी अज्ञात आरोपी मकान में घुसे और डिब्बे में रखे सोने का ब्रासलेट, चेन, अंगूठी, पेंडल, लॉकेट, कान के टॉप्स, चांदी की पायल और नकदी चोरी कर ले गए. दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों की तलाश की जा रही है.

# वारंट तामीली में की गई लापरवाही पड़ी भारी, पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र में वारंट तामीली के दौरान विवाद सामने आने पर जोन 2 पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया. मामले में एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी से जुड़े विवाद की भी बात सामने आ रही है. जानकारी के मुताबिक पुलिस टीम वारंट तामिल करने के लिए एक घर पहुंची थी, जहां जबरन प्रवेश की कोशिश को लेकर विवाद हो गया. इस संबंध में शिकायत डीसीपी कार्यालय पहुंची, जिसके बाद जांच कर कार्रवाई की गई थी. कार्रवाई की जद में आए पुलिसकर्मियों में एसआई संजय विश्नोई, प्रणीत भदौरिया, दिनेश जाट, रविन्द्र कुशवाह और एक कोर्ट मुंशी शामिल हैं. बताया जा रहा है कि मामला निलेश नामक व्यक्ति के घर पर वारंट तामीली के दौरान उत्पन्न हुए विवाद से जुड़ा है. सूत्रों के अनुसार प्रकरण एक रिटायर्ड एसीपी से संबंधित है, जो पूर्व में विजयनगर थाने में पदस्थ रह चुके हैं. वहीं यह भी सामने आया कि हाल ही में जारी ट्रांसफर सूची में संजय विश्नोई और प्रणीत भदौरिया के तबादले के आदेश दिए थे, लेकिन लंबे समय तक रिलीव नहीं होने पर वरिष्ठ अधिकारियों में नाराजगी बनी हुई थी. गौरतलब है कि निलंबित पुलिसकर्मियों में कुछ अधिकारी गंभीर मामलों के खुलासे और खुफिया कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं. एडीशनल डीसीपी अमरेन्द्र सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि विभागीय कारणों के चलते पांचों पुलिसकर्मियों को निलंबित किया है.

# सुरक्षा व्यवस्था करने और सीसीटीवी लगाने के निर्देश

- होटल रेस्टोरेंट संचालकों की पुलिस ने ली बैठक

**इंदौर.** तुकोगंज क्षेत्र में होटल रेस्टोरेंट संचालकों की बैठक आयोजित कर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए.

बैठक में डीसीपी जोन 2 राजेश व्यास और एडिशनल डीसीपी आरएस मिश्रा ने होटल संचालकों को नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षा को लेकर विस्तृत कार्ययोजना समझाई. विभिन्न आपराधिक घटनाओं की रोकथाम के लिए होटल परिसर, एंट्री एग्जिट पॉइंट और आसपास के क्षेत्रों को कैमरों से कवर करने के निर्देश दिए. संचालकों को होटल में ठहरने वाले मेहमानों की पूरी जानकारी रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने और सभी कर्मचारियों का रिकॉर्ड थाने में उपलब्ध कराने के लिए कहा गया. इसके अलावा क्षेत्र के प्रमुख और व्यस्त चौराहों गीता भवन, जंजीरवाला, पलासिया समेत अन्य स्थानों पर हाई कैपेसिटी कैमरे लगाने पर भी सहमति बनी. बैठक में होटल संचालकों की एक कमेटी भी गठित की गई, जो तय कार्ययोजना के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी.



# 20 किमी तक भटकते चले गए दो मासूम पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौंपा

**इंदौर.** शहर में चल रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गुम हुए दो नाबालिग बच्चों को कुछ ही घंटों में तलाश कर सुरक्षित परिजनों के हवाले कर दिया.

जानकारी के मुताबिक शनिवार को द्वारकापुरी क्षेत्र निवासी फर्नीचर व्यवसायी के 12 व 8 वर्षीय दो बच्चे घर से बिना बताए निकल गए थे. परिजनों की डांट के डर से दोनों सिमरोल स्थित नानी के घर जाने के लिए पैदल ही निकल पड़े और करीब 20 किलोमीटर चलते हुए तेजाजी नगर क्षेत्र में चमेलीदेवी कॉलेज के पास पहुंच गए. रात करीब 8:30 बजे वहां मौजूद जागरूक नागरिकों ने बच्चों को अकेला देख पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया. इसके बाद द्वारकापुरी पुलिस से समन्वय कर दोनों बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया. पुलिस ने मामले में सीसीटीवी फुटेज, मुखबिर तंत्र और पूछताछ के आधार पर तेजी से कार्रवाई की. समय रहते बच्चों के मिलने से किसी अनहोनी की आशंका टल गई. कार्रवाई में द्वारकापुरी थाना प्रभारी मनीष मिश्रा व तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेंद्र मरकाम सहित दोनों टीमों की अहम भूमिका रही.



# नवलखा चौराहे पर युवती से की युवक ने सरेआम मारपीट

- घसीटने का वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

इंदौर. नवलखा चौराहे के पास एक युवती के साथ सरेआम मारपीट और सड़क पर घसीटने की घटना सामने आई है. घटना का वीडियो वायरल होने के बाद भंवरकुआ पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया. विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर बताया जा रहा है.

मयूर नगर, मुसाखेड़ी में रहने वाली 28 वर्षीय सीमा चौहान ने पुलिस को बताया कि आरोपी राहुल से उसका पैसों को लेकर विवाद चल रहा था. इसी बात पर दोनों के बीच कहासुनी हुई और आरोपी ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. आरोप है कि उसने युवती को सड़क पर घसीटते हुए हमला किया. घटना के दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर युवती को बचाया और पुलिस को सूचना दी. इसके बाद पीड़िता को थाने पहुंचाया, जहां उसकी शिकायत दर्ज की गई. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी संतोष दूधी ने टीम गठित कर आरोपी की तलाश करवाई. संतोष दूधी का कहना है कि पुलिस ने तकनीकी आधार पर आरोपी के मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर उसे गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपने कृत्य को स्वीकार करते हुए माफी मांगी है. फिलहाल उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है.



**एक नजर में** — मामला वार्ड 38 के बाबा मनसब नगर का

# नलों में नहीं आता पानी, टैंकरों के भरोसे रहवासी

**इंदौर. अमृत योजना के तहत नर्मदा जल आपूर्ति के दावे हकीकत में कमजोर पड़ते नजर आ रहे हैं. नगर निगम की लाख कोशिशों के बावजूद योजना का लाभ शहर के कई हिस्सों तक नहीं पहुंच पा रहा है. कई क्षेत्रों में आज भी नर्मदा का जल नहीं पहुंच पाया है.**




खजराना रिंग रोड से लगे वार्ड क्रमांक 38 के बाबा मनसब नगर में हालात चिंताजनक हैं. करीब चार वर्ष पूर्व यहां नर्मदा जल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाकर घर-घर नल कनेक्शन दिए गए थे लेकिन आज तक एक बूंद पानी भी सप्लाई नहीं हो सका. वहीं क्षेत्र में सरकारी बोरिंग भी पूरी तरह से सूख चुका है. मजबूरी में रहवासी नगर निगम के टैंकरों पर निर्भर हैं और कई बार दूर-दराज से पानी लाना पड़ता है या फिर पैसे देकर पानी का टैंकर लेते हैं. स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड में पानी की टंकी नहीं है और पास के वार्ड क्रमांक 40 की टंकी से कनेक्शन जोड़ा गया है. आरोप है कि वहां से जान बूझकर सप्लाई नहीं की जाती जिससे क्षेत्र में जल संकट बना हुआ है. रहवासियों ने कई बार शिकायत की लेकिन समस्या जस की तस है जिससे निगम की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं.

## इनका कहना है...

पांच वर्ष पुरानी लाइन होने के बावजूद पानी की सप्लाई नहीं होती है. नर्मदा के तीन टैंकर आते हैं. प्रत्येक घर चार बर्तन भरते हैं जिससे पूर्ति नहीं होती.
- अकील कुरैशी



निगम टैंकर से पानी की पूर्ति नहीं होती. जिस कारण हमें पैसा देकर निजी पानी का टैंकर बुलाना पड़ता है.
- चंदू बाई





क्षेत्र में सरकारी बोरिंग भी सूख चुका है और नलों में पानी नहीं आता. जब भी आता है दूषित आता है. ऐसे में दूर दराज जाकर पानी लाना पड़ता है.
- नागेश्वर गोस्वामी

सरकारी नलों से नहीं के बराबर पानी आता है.

### विधायक, कमिश्नर से की मीटिंग

जिस पानी की टंकी को साढे 5 मीटर भरना चाहिए, उसे 3 से 4 मीटर भरते है. बाकी टैंकारों के लिए पानी रोक देते है. ऐसे में नलों में पानी की सप्लाई कम हो जाती है. पानी की पूर्ति के लिए विधायक एवं निगम कमिश्नर से मीटिंग हो चुकी हैं.
- जमीला पटेल पार्षद